**आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 26.12.2024** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में 17 बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए।
- उज्जैन सिंहस्थ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए क्षिप्रा नदी के तट पर 29 कि.मी. लंबाई का बनाया जाएगा घाट।
- मध्यप्रदेश में गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान और पराक्रम को स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 58 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे।

**समाचार विस्तार सेः–**

**राष्ट्रपति–बाल पुरस्कार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में 17 बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए सात श्रेणियों में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। चौदह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के इन बच्चों को कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, एक प्रमाण पत्र और एक प्रशस्ति पुस्तिका दी गई। राष्ट्रपति मुर्मु ने वीर बाल दिवस के अवसर पर साहिबजादों की वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानना और उन्हें अवसर देना देश की परंपराओं का हिस्सा रहा है और यह परंपरा और मजबूत होनी चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि साल 2047 में जब भारत की स्वतंत्रता का शताब्दी समारोह मनाया जा रहा होगा, तब पुरस्कार पाने वाले ये बच्चे देश के प्रबुद्ध नागरिक होंगे।

**निर्वाचन आयोग-रिपोर्ट**

निर्वाचन आयोग ने आज बताया कि 2024 लोकसभा चुनावों में 64 करोड़ 64 लाख वोट डाले गए। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या 65 दशमलव सात आठ प्रतिशत है, जो पुरुषों के मुकाबले अधिक है। ये आंकडे आयोग द्वारा जारी 42 सांख्यिकीय रिपोर्टों में जारी किये गये। रिपोर्ट के अनुसार इस साल पंजीकृत थर्ड जेंडर मतदाताओं में 23 दशमलव पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आयोग ने कहा है कि ये रिपोर्ट चुनाव प्रणाली में लोगों के विश्वास को दर्शाती है और उनके लिए लाभकारी होगी।

**एनएचएम बैठक**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रबंध संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि एनएचएम, 'उमंग कार्यक्रम' में स्कूलों में तंबाकू नियंत्रण के लिए शिक्षा विभाग के साथ मिलकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाएगा। एनएचएम कार्यालय भोपाल में गुरूवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय स्मॉल वर्किंग ग्रुप की बैठक में संचालित गतिविधियों, वर्तमान स्थिति और भविष्य की कार्य योजना पर मंथन किया गया। उन्होंने कहा कि तंबाकू की लत छुड़ाने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाया जाए और राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति के अनुरूप नशा मुक्ति अभियान में तंबाकू सेवन करने वालों को भी सहयोग प्रदान किया जाये।

**प्रधानमंत्री 'सुपोषित पंचायत अभियान'**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री 'सुपोषित पंचायत अभियान' का शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं के कार्यान्वयन को सुदृढ़ करते हुए सक्रिय सामुदायिक भागीदारी

सुनिश्चित करना और पोषण संबंधी परिणामों और कल्याण में सुधार करना है। इस अवसर पर भोपाल के जेपी हॉस्पिटल के सीएमएचओ डॉक्टर प्रभाकर तिवारी ने बताया कि ---------

**वीर बाल दिवस**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान और पराक्रम को मप्र में स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। आज वीर बाल दिवस पर भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे समाज ने पहले गलती की थी कि किसी दूसरे दिन बाल दिवस मनाया जाता था लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाल दिवस 26 दिसम्बर को मनाने का ऐलान कर गलती को सुधारा है।

वहीं, भोपाल के हमीदिया गुरुद्वारा में गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान दिवस पर माथा टेकने के बाद श्री यादव ने कहा कि यह पराक्रम, श्रद्धा, आस्था और विश्वास रखने का दिन है। मुख्यमंत्री राजधानी के भारत भवन में वीर बाल दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में सिख समाज के धर्मगुरु और अन्य गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कीर्तन जत्था द्वारा प्रस्तुति और साहबजादों के बलिदान पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया। साथ ही तलवारबाजी का सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। शिवपुरी के बाल आश्रय गह में बच्चों को वीर बाल दिवस की जानकारी दी गई। इस मौके पर बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को भी लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से सुना।

**पीएम–स्वामित्व संपत्ति कार्ड**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 58 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे। इस अवसर पर 10 राज्यों, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के लगभग 50 हज़ार गांवों में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्वामित्व संपत्ति कार्ड वितरित किए जाएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री चयनित लाभार्थियों के साथ बातचीत भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर 24 अप्रैल, 2020 यह स्वामित्व योजना शुरू की थी। इस योजना का उद्देश्य ड्रोन और भौगोलिक सूचना प्रणाली–जी.आई.एस. तकनीक से गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व का रिकॉर्ड प्रदान करना है।

**मौसम**

प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव आया है। उत्तर भारत में एक पश्चिमी विक्षोभ और और साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय होने से 27 और 28 दिसंबर को प्रदेश के अधिकतर जिलों में बारिश होने की संभावना जताई गई है। वहीं भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम और जबलपुर जिलों में कई स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। हालांकि प्रदेश में रात के तापमान में 4 से 5 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। जबकि दिन में गिरावट दर्ज की गई। कई जगहों पर मावठा भी गिरा। प्रदेश के ज्यादातर हिस्से में अगले 4 दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा।

**समाचार संक्षेप में .....**

- पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), भोपाल का ऑफिस वैशाली नगर से अब श्यामला हिल्स, भोपाल स्थित दूरदर्शन केन्द्र के प्रशासनिक भवन के द्वितीय तल पर शिफ्ट हो गया है। कार्यालय का नया पता– पत्र सूचना कार्यालय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय दूरदर्शन केन्द्र, प्रशासनिक भवन, द्वितीय तल, श्यामला हिल्स, भोपाल (मप्र)– 462002 है।
- आगरमालवा जिले के ग्राम बामनियाखेडी में कृषि विभाग सुसनेर द्वारा आयोजित हुए प्रदर्शन सह कृषक प्रशिक्षण में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर.पी.एस. शक्तावत ने किसानों को मिट्टी का स्वास्थ्य बनाएं रखने की तकनीक से अवगत कराया।
- देवास जिले में जन सहयोग से चलाये गये ''मेरा स्कूल–स्मार्ट स्कूल'' के लिए जिले को नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर "स्कॉच सिल्वर अवार्ड–2024'' मिला है। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्राइवेट और शासकीय स्कूल के बीच के अंतर को कम करना है।
- पी.एम कालेज ऑफ एक्सीलेंस शा० आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा के गणित विभाग में भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जन्मदिन राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया गया।, विभागाध्यक्ष डा. डी०पी शुक्ला ने संबांधित किया।
- गुना में आज युवा संगम के अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला में 298 हितग्राहियों को 9 करोड़ 25 लाख का हितलाभ वितरित किया।
- नीमच जिला प्रशासन द्वारा जिले में कुपोषण निवारण के लिए जिले में बालसुपोषण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कुपोषित बच्चों का सर्वेक्षण कर चिन्हित किया गया है।
- खंडवा में आज -जन अभियान परिषद द्वारा समृध्दि योजना अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

- **अशोकनगर जिले में गौवंश संरक्षण के लिए जिला प्रशासन द्वारा गौ हितम् अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत निराश्रित एवं बेसहारा गौवंश को संरक्षण देना है।**

**मुख्य समाचार एक बार फिर ....**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में 17 बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए।
- उज्जैन सिंहस्थ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए क्षिप्रा नदी के तट पर 29 कि.मी. लंबाई का बनाया जाएगा घाट
- मध्यप्रदेश में गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान और पराक्रम को स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 58 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे।